शहर में निकलेगी शिव बारात, जिला प्रशासन ने की तैयारी

# जुलूस की चौड़ाई कम रखें ताकि यातायात व राहगीरों को परेशानी ना हो : एसडीओ

## जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव बारात संबंधी विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में अपर प्रशासक नगर निगम रांची कमल कांत गुप्ता, अंचल अधिकारी (शहर) रांची, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली रांची, सचिव, पहाड़ी मंदिर विकास समिति रांची राकेश सिन्हा, सभी शिव बारात समिति के सदस्यगण एवं गणमान्य सामाजिक कार्यकर्त्ता, जय सिंह यादव, ललित ओझा एवं सम्बंधित शिव बारात से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) उत्कर्ष कुमार द्वारा शिव बारात निकालने के दौरान जुलूस की चौड़ाई कम करने के निर्देश दिए ताकि इस दौरान आम लोगों को कोई परेशानी ना हो जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं होगी। इस दौरान आवागमन सुचारू रूप से चलता रहेगा।

बैठक में विधि व्यवस्था को लेकर अपर जिला दंडाधिकारी द्वारा कहा गया कि विधी-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार रहेगा ताकि कोई भी अप्रिय घटना नहीं घटे। जिला प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

उत्कर्ष कुमार ने शिव बारात समिति से आग्रह करते हुए कहा की आपसी प्रेम और सौहार्द्र से शिव बारात निकाले ताकि इस दौरान किसी भी समुदाय को कोई परेशानी ना हो। शिव बारात धूम-धाम से निकलें इसमें सबकी सहभागिता आवश्यक है।

उत्कर्ष कुमार ने शिव बारात के दौरान शहर की साफ-सफाई जहां से शिव बारात निकलेगी वहां विशेष रूप से करने का निर्देश नगर निगम के पदाधिकारी को दिया गया एवं महिला पुरुष पुलिस कर्मी की भी इस दौरान तैनाती रहेगी ताकि कोई घटना नहीं घटे। इस दौरान डॉक्टर की टीम, एम्बुलेंस, मोबाइल शौचालय, पेयजल की व्यवस्था और अन्य और जरुरी व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए।

मिलावट पर रोक लगाने के सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों की मांगी जानकारी

# हाइकोर्ट : मिलावटी खाद्य पदार्थ खाकर लोग हो रहे हैं बीमार, सरकार को नहीं है कोई चिंता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मिलावटी खाद्य पदार्थों के मामले में कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम में राज्य सरकार की शिथिलता को देखते हुए मौखिक कहा कि लोग मिलावटी खाना खाकर बीमार हो रहे हैं लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है। सरकार बताए कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से लोगों के नुकसान को रोकने को लेकर क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

राज्य के 24 जिलों में सिर्फ रांची के नामकुम में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए फूड लैब बनाए हैं, फूड लैब की संख्या कम से कम चार होनी चाहिए थी। वहीं राज्य में मिलावटी खाद्य पदार्थ के लिए जांच के लिए मोबाइल वैन की संख्या कम से कम 24 होनी चाहिए थी, ताकि सभी जिलों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच हो सके।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जेपीएससी से पूछा कि वर्ष 2023 में फूड सेफ्टी ऑफिसर के 56 पदों सहित फूड एनालिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट आदि के पदों को भरने के लिए जो विज्ञापन निकाला गया था, उसपर अब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी क्यों नहीं हुई? कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 12 मार्च निर्धारित की है।

मामले में एमिकस क्यूरी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य के 24 जिलों में मात्र रांची के नामकुम में फूड लैब है, राज्य में फूड सैंपल कलेक्शन के लिए दो मोबाइल वैन है लेकिन इसमें भी फूड टेस्टिंग की समुचित व्यवस्था नहीं है। राज्य के दूसरे जिलों से फूड सैंपल नामकुम लैब आते-आते फूड सैंपल खराब हो सकता है। पूर्व की सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य में कई जिलों में फूड सेफ्टी अफसर नहीं है। जिस पर सरकार की ओर से कहा गया कुछ सेफ्टी अफसरों की नियुक्ति हुई है और कुछ की नियुक्ति प्रक्रिया जेपीएससी के माध्यम से चल रही है।

## हाइकोर्ट ने निगम से पूछा- गर्मी से पहले पेयजल के लिए क्या उपाय किए जा रहे?

### जलाशयों में अतिक्रमण मामले पर हुई सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के विभिन्न जलाशयों और तालाबों के अतिक्रमण से संबंधित मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने रांची नगर निगम से पूछा है कि गर्मी शुरू होने से पहले पेयजल की समस्या से निजात पाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं? इसके साथ ही अदालत ने सरकार से यह भी पूछा है कि विभिन्न डैमों के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, इसकी भी जानकारी अदालत को दी जाए।

हाईकोर्ट खुद इस मामले की मॉनिटरिंग करेगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोंन मुखोपाध्याय की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्त्रोतों को संरक्षित करने व इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

खुशबु कटारुका द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम व धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों द्वारा हड़प ली गई है। वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। जिसका काफी बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है। इतना ही नहीं रांची में तालाबों की स्थिति भी बदतर हो रही है।

## रांची में हुई झमाझम बारिश, एक दिन में 9.8 डिग्री तक गिरा अधिकतम तापमान

**रांची।** झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजधानी रांची समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। एक दिन की बारिश से अधिकतम तापमान 9.8 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग के अनुसार रांची, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग और रामगढ़ जिले में गरज के साथ बारिश हुई। कुछ जगहों पर वज्रपात की भी खबर है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में 9.8 डिग्री सेंटीग्रेड तक की गिरावट दर्ज की गई है। उच्चतम तापमान में सबसे ज्यादा गिरावट पलामू में दर्ज की गई है। यहां 9.8 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट आयी है।

इधर बारिश की वजह से रांची के कई इलाकों में बिजली गुल हो गयी जिसे ठीक करने में संबंधित कर्मचारी जुटे रहे।

नाम जांचने के अभियान का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया शुभारंभ

# मतदाताओं ने नाम का किया सत्यापन

### सोशल मीडिया में दिनभर चर्चा में रहा हैशटैग #आई एम वेरिफाइड वोटर




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने **#आई एम वेरिफाईड वोटर** अभियान का शुभारंभ राजधानी के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जांचने के लिए जागरूक करना है। इसके तहत सभी जिलों के बूथों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को बताया जा रहा है कि वे वोटर हेल्पलाईन ऐप, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखंड की वेबसाईट एवं भारत निर्वाचन आयोग के वोटर पोर्टल पर जाकर भी अपना नाम देखकर सत्यापित कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान करना हम सब का अधिकार और कर्तव्य है। मतदाता वोटर आईडी की अनुपलब्धता में 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी वोट कर सकते हैं। किंतु जो सबसे जरूरी अनिवार्यता है वह है मतदाता सूची में नाम होना। अगर वोटर लिस्ट में किसी का नाम नहीं है तो वह मत देने के अधिकार से वंचित हो जाता है। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है, लोग अपना नाम वोटर लिस्ट में चेक कर लें, अगर किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति है तो उसे दूर करा लें ताकि मतदान के दिन दिक्कत नहीं हो।

**सभी जिलों में चलाया गया सोशल मीडिया अभियानः** राज्य के सभी जिलों में सोशल मीडिया अभियान चलाया गया, जिसमें हजारों मतदाताओं ने अपना नाम मतदाता सूची में देखकर सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की सूचना पोस्ट की कि उन्होंने अपने नाम का सत्यापन कर लिया है।

विभिन्न जिलों में अधिकारियां की टीम ने बूथों में जाकर इस अभियान का भौतिक निरीक्षण भी किया।

## नये टैरिफ से जेबीवीएनएल के राजस्व में प्रति महीने 58 करोड़ की होगी वृद्धि

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्यवासियों को 125 यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा की है। हालांकि इस पर जेबीवीएनएल की ओर से आदेश जारी किया जाना बाकी है। वहीं, दूसरी तरफ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने राज्य में नयी बिजली दरें घोषित कर दी है। जिसके तहत पांच पैसे से लेकर 75 पैसे तक की वृद्धि अलग-अलग श्रेणियों में की गयी है। झारखंड बिजली वितरण के आकलन के अनुसार 125 यूनिट फ्री बिजली से राज्य के 29 लाख 50 हजार ग्रामीण उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। निगम के पास वर्तमान में कुल 58 लाख 41 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। वंचित 29 लाख उपभोक्ताओं को 125 यूनिट फ्री बिजली का लाभ नहीं मिलेगा। जबकि बिजली दरों में वृद्धि से इन उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा। इस राजस्व से जेबीवीएनएल का वितरण हानि कम हो जायेगा, जो फिलहाल 13 फीसदी है।

बिजली वितरण निगम की मानें तो राज्य में 125 यूनिट से लाभान्वित होनेवाले उपभोक्ताओं को छोड़ कर देखें तो, घरेलू उपभोक्ता औसतन 300 से 350 यूनिट बिजली प्रति महीने खपत करते हैं। ऐसे में जेबीवीएनएल को इन उपभोक्ताओं से लगभग 200 से 250 रुपये प्रति महीने अतिरिक्त वसूली होगी। ये आकलन नयी बिजली दरें लागू होने के बाद की है। ऐसे में जेबीवीएनएल को लगभग 58 करोड़ रुपये राजस्व बढ़ेगा। जिससे निगम का घाटा प्रति महीने कम हो सकता है।

**सरकार पर 75 करोड़ का बोझ :** इसके पहले उपभोक्ताओं को सौ यूनिट मुफ्त बिजली दी जाती थी। अब 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने पर निगम को 75 करोड़ अतिरिक्त राजस्व का बोझ होगा।

खबर एक नजर में

## मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले मंत्री बन्ना गुप्ता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से दिल्ली में मुलाकात की, इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई जिसमें सभी 14 सीट पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार की गई। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग में किये गए कार्यों और उपलब्धि की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी जिसकी खड़गे ने तारीफ की और आगामी लोकसभा चुनाव में विभाग तथा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इसके बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से भी मुलाकात कर वर्तमान राजनीतिक गतिविधियों से अवगत कराया। मौके पर झारखण्ड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर,प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल पत्रलेख भी मौजूद रहे।

## उप निर्वाचन पदाधिकारियों का तबादला

**रांची।** राज्य के उप निर्वाचन पदाधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके तहत कानू राम नाग को उप निर्वाचन पदाधिकारी पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसी तरह धीरज कुमार ठाकुर को लोहरदगा, धीरेंद्र कुमार को दुमका, प्रिंस गोडविन कुजूर को कोडरमा, प्रतिभा कुजुर को बोकारो, पवन कुमार महतो को सिमडेगा, गौतम प्रसाद साहू को सरायकेला-खरसावां, मेरी मड़की को लातेहार, प्रेमचंद कुमार सिन्हा को खूंटी, वेदवंती कुमारी को चतरा, अनिता केरकेट्टा को जामताड़ा, पंकज कुमार को गोड्डा तथा कालीदास मुंडा को धनबाद के उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## रिम्स में दुर्लभ बीमारी दिवस कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** रिम्स में दुर्लभ बीमारी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रिम्स के निदेशक प्रो डॉ राजकुमार ने कहा कि हमें उन बीमारियों कोअनकोड करना चाहिए जो दुर्लभ हैं क्योंकि सामान्य बीमारियों के असामान्य लक्षण, असामान्य बीमारियों के आम लक्षण होते हैं। उन्होंने कहा कि नैनोटेक्नोलाजी, जीनोम और जेनेटिक्स दुर्लभ बीमारियों की पहचान के लिए एक अहम हिस्सा है और इसका लाभ बीमारियों की पहचान और इसके उपचार में काफी मददगार है। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रशिक्षु चिकित्सकों में उत्सुकता, समर्पण और बुनियादी सिद्धांतों के बारे में मौजूद लोगों को बताया।

## कांके प्रखंड कार्यालय में भाजपा का धरना प्रदर्शन

**रांची।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कांके प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस की सरकार ने अधिकारियों को लूट की खुली छूट दे रखी है। कांके प्रखंड पूर्व से बदनाम है। धरना प्रदर्शन में नरेंद्र कुमार, कमलेश राम, अनिल टाइगर, सुषमा देवी, मुनि देवी, सुदेश उरांव, राजा महतो, अमित साहू, बालचंद साहू, किरण देवी, शत्रुधन साहू, महानद महतो, संजीत सिंह थे।

## आलोक दूबे ने जताया शोक

**रांची।** वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने हिनू में निमार्णाधीन मकान की दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत पर गहरी संवेदना प्रकट की है। आलोक दूबे ने कहा अपार्टमेंट बिल्डर पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अपार्टमेंट निमार्ता नियमों एवं बायोलॉज को ताक पर रखकर निर्माण कार्य करते हैं और इन्हें एनओसी देने वाले उन अधिकारियों को भी चिन्हित करने की जरूरत है। सरकार से अनुरोध है मृतकों के परिजनों को आपदा प्रबंधन कोष से अधिक से अधिक सहायता मिले, घायलों की विशेष देखभाल हो।

# लाइटिंग लैंप्स और बिना टूटने वाला फ्लावर पॉट रहा आकर्षण का केंद्र

### इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोहराबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के तीसरे दिन सोमवार को लोगों की भीड़ रही। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ट्रेड फेयर में लोगों ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया और उत्पादों की जानकारी ली। वहीं कई लोगों ने इसके खरीदारी भी की। ट्रेड फेयर में लोगों को कई ऑफर भी दिए जा रहे हैं। इसका लाभ ग्राहक उठा रहे हैं। ऑफर के तहत बाघ बकरी चाय पर 30% की छूट मिल रही है। वहीं, दुबई का इत्र 200 से 10 हजार में मिल रहा है। लाइटिंग लैंप्स 200 से सात हजार में बिक रहा है। ट्रेड फेयर में बिना टूटने वाला फ्लावर पॉट भी बिक रहा है इसकी कीमत 700 से लेकर 6500 रूपए है। मुरादाबाद से फ्लावर पॉट लोगों को आकर्षित कर रहा है। जयपुरी रजाई 1200 रूपए में मिला रहा है। वहीं सिंगल जयपुरी बेडशीट 600 में एक और 1000 में दो रजाई बिक रहा है। मेगा ट्रेड फेयर में ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी लोग इंक्वारी कर रहे हैं। विभिन्न कंपनियों ने अपना स्टॉल लगाया है। कुचिना चिमनी और अप्लायंसेज पर एक्सक्लूसिव ऑफर भी दिए जा रहे हैं इसके अलावा दामरो फर्नीचर पर भी एक्सक्लूसिव ऑफर मिल रहा है।

झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव प्रवेश गप्तानी ने कहा कि ट्रेड फेयर में लोगों की भीड़ खरीदारी करने को आ रही है। भीड़ को देखकर स्टॉल धारकों में उत्साह का माहौल है। रांचीवासियों से आग्रह है कि इस ट्रेड फेयर में आएं और विभिन्न उत्पादों का अवलोकन कर खरीदारी करें। देश विदेश के कई उत्पाद यहां देखने को मिल रहे हैं। ट्रेड फेयर सुबह 11:00 बजे से रात्रि नौ तक चल रहा है। इसका समापन 11 मार्च को होगा।

## दो परिवारों के बीच विपदा बन आयी सोमवार को काली सुबह

समीर



**रांची।** यदि पेट की आग नहीं होती तो आज हर्षित और चाहत जिंदा होती। चाहत के पिता शिवा महली और अनुज लोहरा उर्फ हर्षित के पिता अजय लोहरा का घर आंगन सूना नहीं होता। दो परिवारों के बीच सोमवार की सुबह विपदा बन आई। यह दिन उनके लिए काली सुबह साबित हुई। जिला प्रशासन ने दोनों परिवारों की क्षतिपूर्ति के लिए साढ़े पांच लाख रुपये मुआवजा तो दिया गया, लेकिन, जो मंजर उनके आंखों के सामने था, वह जीवन भर भूलनेवाली नहीं है। अपार्टमेंट में काम करने के लिए मजदूरों ने अपने साथ छोटे-छोटे बच्चे भी अपने साथ ले आये। माता-पिता काम में जुट गये, लेकिन अबोध बच्चा खेलने की धुन में रह गया। खेलते-खेलते उन्हें मौत ने अपनी आगोश में ले लिया।

**गवाही में नाम लिखते ही हटने लगे लोग :** जब पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंची और मामले का जानने का प्रयास किया तो पाया गया कि कुछ नेता आगे बढ़कर मुआवजे की मांग कर रहे थे। जब पुलिस अधिकारियों ने उन्हें शांत रहने के लिए कहा तो उनलोगों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। हंगामा मचाते देख पुलिसकर्मियों ने वहां मौजूद लोगों के नाम लिखना शुरू कर दिया। गवाही में नाम आने की आशंका पर लोग हटने लगे।

## चुनाव प्रभावित करने वाले पर रहेगी पुलिस की नजर : एसएसपी

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और इसी क्रम में रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने रांची जिला के सभी डीएसपी व पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की। बारी-बारी से थानेदारों से उनके थाना क्षेत्र की बूथों एवं अपराधियों की सूची भी मांगी और उन्हें सख्त निर्देश दिया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में कोई भी मामला पेंडिंग ना रहे, कोई वारंटी जेल से बाहर ना रहे, जिसका भी वारंट है उसे गिरफ्तार का जेल भेजें। वहीं ऐसे भी अपराधियों पर नजर रखना है जो कई बार जेल जा चुका है और उसके वजह से समय-समय पर बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया जा सकता है। चुनाव को प्रभावित किया जा सकता है। मतदाताओं को प्रभावित किया जा सकता है।

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से लौह अयस्क डंप करने के लिए जगह की मांगी जानकारी

**रांची।** सारंडा के जंगलों में हो रही गैरकानूनी माइनिंग बंद कराने और पर्यावरण बचाने के लिए विधायक सरयू राय द्वारा दायर याचिका पर कल सुनवाई हुई। प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सारंडा के जंगलों में कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद माइनिंग एक्टिविटी तो बंद हो गई मगर अत्यधिक मात्रा में माइनिंग की गई लौह-अयस्क खुले में छोड़ दिया गया है। इससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। पिछले एक साल से सरकार कोर्ट को गुमराह कर रही है। अभी तक माइन किए हुए लौह-अयस्क वहीं पड़े हुए हैं। इस पर न्यायालय ने कड़ी आपत्ति जताते हुए पूछा कि क्यों सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है? न्यायालय ने सरकार को आदेश दिया कि सरकार अगली तिथि के पहले स्थिति स्पष्ट करे या तो लौह-अयस्क को बेचने की प्रक्रिया सरकार पूरी करे या फिर कोई ऐसी जगह चिन्हित करे, जहां इन लौह-अयस्क को डंप किया जा सके।

# झारखंड में जल्द लागू होगा पेसा कानून, कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजने की तैयारी में जुटा पंचायती राज विभाग

## सरकार ने पेसा नियमावली में किया है आवश्यक संशोधन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पेसा कानून को राज्यों में लागू करने को लेकर भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के द्वारा इन दिनों गहन मंथन किया जा रहा है। इसी के तहत महाराष्ट्र के पूने में हुई बैठक के बाद रांची में सोमवार 4 मार्च से दो दिवसीय बैठक सह कार्यशाला शुरू हुई। बैठक में पंचायती राज विभाग के सचिव विवेक भारद्वाज सहित देश के पांच राज्यों के अधिकारी और विशेषज्ञ अपनी राय रख रहे हैं। इस मौके पर भारत सरकार के पंचायती राज सचिव विवेक भारद्वाज ने कहा कि देश के 10 राज्यों के अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में पेसा कानून लागू किया जाना है। 1996 में बना पेसा एक्ट अब तक राज्य में लागू नहीं हो पाई है। झारखंड में पेसा रुल्स तैयार हो चुका है जल्द ही इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है।

झारखंड में पेसा कानून को जल्द ही लागू किया जायेगा। झारखंड सरकार द्वारा तैयार नियमावली पर आपत्ति और सुझाव मिलने के बाद पंचायती राज विभाग ने इसे अंतिम रुप देते हुए कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा तैयार पेसा नियमावली पर 262 सुझाव और आपत्ति प्राप्त हुए थे जिसमें से 142 सुझाव को सरकार ने मानते हुए पेसा नियमावली में आवश्यक संशोधन किया है। राज्य के 13 जिले पेसा रुल्स के अधीन होंगे जिसमें ग्राम सभा को सशक्त कर जनजाति बहुल क्षेत्र को विकसित किया जायेगा। झारखंड सरकार के पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने भी झारखंड सरकार के पेसा नियमावली को सही माना है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पैरा 43 बी में झारखंड राज्य पंचायती राज अधिनियम को पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में भी वैध माना है।

### पेसा नियमावली पर पांच राज्यों ने रखे विचार

पेसा नियमावली पर झारखंड सहित देश के पांच राज्यों के प्रतिनिधियों ने पहले दिन विभिन्न विषयों पर विचार रखे। इस दो दिवसीय बैठक में जिन राज्यों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं उसमें आंध्र प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और झारखंड शामिल है। कई सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में पेसा के तहत ग्राम सभा की भूमिका, पेसा के तहत अधिकार, भूमि कानून आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के पंचानन सोरेन ने कहा कि 1996 में जिस जनजाति बहुल क्षेत्र के लिए कानून बनाया गया वह आज तक अमल में नहीं लाया जाना बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है इसके माध्यम से जनजाति क्षेत्र को संरक्षित किया जाना है ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि बगैर इसमें छेड़छाड़ किए बिना राज्य में इसे लागू किया जाय।

## बच्चों को एमडीएम उपलब्ध कराने में सीएमपीडीआइ करेगी सहयोग

### सीएमपीडीआइ एवं अक्षय पात्र फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन पर हुआ हस्ताक्षर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई रांची ने अक्षय पात्र फाउंडेशन से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। कंपनी ने सीएसआर के तहत यह समझौता किया है। इसके तहत कंपनी झारखंड के हजारीबाग के सरकारी स्कूल के बच्चे को मध्याह्न भोजन देने के लिए फाउंडेशन को खाद्य वितरण वाहन उपलब्ध कराएगी। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक आरके महापात्रा और अक्षय पात्र फाउंडेशन के क्षेत्रीय निदेशक व्योमपद दास के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

इस परियोजना के तहत सीएमपीडीआई द्वारा अक्षय पात्र फाउंडेशन को 6 वाहन प्रदान किया जाएगा। इस वाहन का उपयोग हजारीबाग जिले के सरकारी स्कूलों के लिए मध्याहन भोजन के परिवहन में किया जाएगा। इससे वहां के स्कूली बच्चों में पोषण स्तर में सुधार लाने में सहायता मिलेगी। सीएमपीडीआई ने इस परियोजना के निमित्त सीएसआर के तहत 93.06 लाख रुपये का निधि स्वीकृत किया है।

इस परियोजना से हजारीबाग जिले के लगभग एक लाख स्कूल जाने वाले बच्चे लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर सीएमपीडीआई की सीएसआर टीम और अक्षय पात्र फाउंडेशन की टीम मौजूद रही।

## मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन के शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारी का डीसी ने लिया जायजा



**रांची।** हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव, रांची में छह मार्च को मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन (50-60 वर्ष) के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सोमवार को कार्यक्रम की तैयारियों का उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने जायजा लिया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने संबंधित पदाधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। इस दौरान उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय आदि थे।

# कृषि सभी संस्कृति की जननी है, इसके बिना कोई संस्कृति नहीं बच सकती : राज्यपाल

## बीएयू में तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि कृषि सभी संस्कृति की जननी है और कृषि के बिना कोई भी संस्कृति नहीं बच सकती। डॉ एमएस स्वामीनाथन और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि वैज्ञानिकों और किसानों को अभूतपूर्व सम्मान दिया है। वह, सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं कई पीढियां से किसान रहा हूं और अबतक साल में 4 महीने धान की खेती करता रहा हूं। इसलिए कृषि और किसान से जुड़े कार्यक्रम में जाकर मैं अपने घर में अपने मूल स्वभाव में महसूस करता हूं। उन्होंने आम के जापानी प्रभेद सहित अन्य उन्नत किस्मों को झारखंड में लगाने, क्षेत्र के लिए उनकी उपयुक्तता की जांच करने हेतु विशेष शोध प्रयास करने का सुझाव बीएयू को दिया। उन्होंने जोर दिया कि तमाम विफलताओं के बावजूद प्रयास नहीं छोड़ना चाहिए। अपने वरिष्ठ जनों को भी खरी सलाह देने में कोई संकोच या हिचक नहीं रखना चाहिए। कई बार पद ओहदा में छोटे लोग भी राष्ट्र, समाज और संस्था हित में बहुत नेक सलाह दे जाते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना और पीएम फसल बीमा योजना को उन्होंने किसानों के हित में क्रांतिकारी कदम बताया। राज्यपाल ने शोध प्रयासों और उपलब्धियों के लिए बीएयू की सराहना करते हुए परामर्श दिया कि किसानों के लिए विश्वविद्यालय में एक स्थाई परामर्श केंद्र प्रारंभ किया जाए जहां किसान बिना किसी अपॉइंटमेंट के वैज्ञानिकों से मिल सकें और कृषि संबंधी तकनीकी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें। राज्यपाल ने जेनेटिक बीमारियों और एनिमल ब्रीडिंग से संबंधित डॉ नंदनी कुमारी की दो पुस्तकों, पशुपालन से संबंधित डॉ सुशील प्रसाद की एक पुस्तक तथा बिरसा किसान दैनंदिनी का लोकार्पण किया। उन्होंने मेला में विभिन्न प्रदर्शनी के विजेताओं तथा राज्य के विभिन्न जिलों से आए 7 नवोन्मेषी कृषकों को सम्मानित भी किया, जिनमें कमल महतो, धनबाद, प्रदुमन महतो, गिरिडीह, निलेश कुमार, खूंटी, सोमराय मार्डी, सरायकेला खरसावां, , राजेश्वर महतो, रांची, चूड़ामणि यादव, सिमडेगा तथा पानी लागुरी, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। उद्यान प्रदर्शनी में फूलों के वर्ग में भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान (आईआईएलएम), कांके को सर्वाधिक 6 तथा सब्जियों के वर्ग में होचर गांव (कांके) के रामकुमार साहू सर्वाधिक 5 पुरस्कार प्राप्त हुए। कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीकी ने वैज्ञानिकों से अपील की कि झारखंड के किसानों के लिए उनकी सामाजिक -आर्थिक परिस्थितियों, शैक्षणिक स्तर और सुविधागम्य प्रौद्योगिकी विकसित और अनुशंसित करें। कम लागत और बदलते मौसम में भी अच्छा प्रदर्शन करने वाली तकनीक पर कम करें।किसी भी नई प्रौद्योगिकी पर काम करते समय अपनी सोच प्रक्रिया में स्थानीय किसानों की परिस्थितियों का खयाल अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि बीएयू को देश के एक अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए जिन सुविधाओं की भी आवश्यकता होगी, विभाग उसे प्रदान करेगा।आरम्भ में स्वागत भाषण करते हुए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने कहा कि तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के सभी जिलों के किसान, कृषि उद्यमी और रांची के शहरी लोग बड़ी संख्या में आये। यह आयोजन शहरी बागवानी को प्रमोट करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। विश्वविद्यालय में आम पर शोध प्रयास बढ़ाया जाएगा।इस अवसर पर इंडियन इंस्टीट्यूट आफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर, नामकुम के निदेशक डॉ अभिजीत कर तथा वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ अमित पांडेय ने भी अपने विचार रखे। संचालन शशि सिंह ने किया।मेला में कुल 130 स्टाल लगाए गए थे जहां बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न इकाइयों, राज्य में अवस्थित आईसीएआर के संस्थानों, बीज एवं उर्वरकों के विक्रेताओं, बैंक एवं वित्तीय संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों, टाटा ग्रुप के रांची कैंसर संस्थान, नर्सरी प्रतिष्ठानों आदि ने अपनी प्रौद्योगिकी, उत्पाद एवं सेवाएं प्रदर्शित की थी। कृषि परामर्श सेवा केंद्र में तीनों दिन बड़ी संख्या में किसानों ने कृषि संबंधी अपनी समस्याएं और जिज्ञासा वैज्ञानिकों के समक्ष रखी तथा उनके समाधान हेतु तकनीकी परामर्श प्राप्त किया।

## प्रतिष्ठित कवि डॉ निवास चंद्र ठाकुर को मिलेगा साहित्य रत्न सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** भारत के सुप्रसिद्ध प्रकाशन संस्थान, इंडिया नेटबुक्स, नई दिल्ली द्वारा दिया जाने वाला 2023 का साहित्य रत्न सम्मान, कविता के क्षेत्र में उत्कृष्ट सृजन के लिए रांची के प्रतिष्ठित कवि डॉ निवास चन्द्र ठाकुर को संयुक्त रूप से प्रदान किया जाएगा। ममता कालिया की अध्यक्षता में गठित निर्णायक समिति की ओर से आचार्य राजेश कुमार ने इसकी घोषणा की गयी। होटल क्राउन प्लाजा, मयूर विहार, दिल्ली में नौ मार्च 24 को आयोजित समारोह में ममता कालिया, गीतांजलि श्री, राहुल देव, सूर्य बाला, डॉ संजीव कुमार सहित कई साहित्यिक हस्तियां शामिल होंगी।

## खबर एक नजर में

### संत जेवियर्स के छात्रों को मिला डाक्यूमेंट्री में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्रों ने गोस्सनर कॉलेज में आयोजित सिने फेस्ट फिल्म महोत्सव में अपने वृतचित्र दुरंग और एमटीबी फ्री स्टाइल की स्क्रीनिंग कर पहला स्थान और दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्रों ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नबोर लकड़ा से मुलाकात की और अपने वृतचित्र के बारे में बताया। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्राचार्य डॉ. नबोर लकड़ा ने सभी का साधुवाद किया और बताया कि मीडिया जगत में बने रहने के हर दिन कुछ अलग तरह कि सोचने और प्रदर्शित करने की जरुरत पड़ती है तब ही आप भीड़ से अलग कुछ कर सकते है। वृतचित्र बनाने में अंतिम सत्र के अर्पणा सिंह, गीतिका गोप, स्वाति बारा, अभिषेक एक्का, प्रशांत तिर्की, अनुष्का मरांडी, नैंसी उरांव व आस्था उरांव तो वहीँ ₹एमटीबी फ्री स्टाइलर₹ जॉय कुजूर, आँचल, जॉन खलखो, अदनान उस्मानी, अभिजीत टोप्पो, हर्षित बारला, अनुज बाखला, आस्था जतिन व श्रुति शर्मा ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कीड़ो, डॉ. नील कुसुम कुल्लू व अन्य उपस्थित थे।

### महिलाओं ने किया महाकाल का हल्दी, मेहंदी व श्रृंगार



**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के तत्वाधान में सोमवार को पहाड़ी मंदिर में सैकडों महिलाओं ने हल्दी कूट कर हल्दी-मेहंदी के रस्म को मनाया। सभी ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर एक दूसरे को बधाई दिया एवं धूमधाम से हल्दी-मेहंदी के रस्म को मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश साहू, गगन कुमार, मेहुल प्रसाद, राजकुमार तलेजा,बादल सिंह, दीपक नंदा, भोलू, उर्मिला चौधरी, पूनम जयसवाल, अर्चना मिर्धा, बेबी गाड़ी, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी, आकांक्षा वर्मा, अंशु तिवारी, नीना देवी, समीक्षा शर्मा, कुमकुम गुप्ता, राम सिंह, आरती बागची. नीरा देवी. मीनू देवी. रानी देवी. रंजीता पांडे.साक्षी, दिग्विजय,पीहू, मेधा, मीरा देवी मोनिका रानी, प्रियांजलि, अमन कुमार समेत कई महासमिति के सदस्य उपस्थित थे।

### श्री शिव हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर निकाली गयी शोभायात्रा



**रांची।** नव युवक संघ शांतिनगर में श्री शिव हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सोमवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। शोभायात्रा मधुकम तालाब, चूना भट्ठा, खादगड़ा, पहाड़ी मंदिर, राणीसती मंदिर, रातु रोड का भ्रमण करते हुए वापस श्री शिव हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां पुजारी प्रवीण पंडित,विनोद मिश्रा,मनोज मिश्रा एवं चितरंजन पाठक द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई और भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस शोभा यात्रा मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे भाजपा नेता सह समाजसेवी अनिल कुमार, राहुल चौधरी,संजय चौधरी,शिव किशोर शर्मा,विजय कुमार गुप्ता आदि शामिल हुए। यह जानकारी समाज सेवी शिव किशोर शर्मा ने दी।

### इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर में संगीत प्रेमियों की बैठक



**रांची।** इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर में सोमवार को संगीत प्रेमियों की बैठक हुई। संगीत की एक शाम बिताने के लिए लगभग 20 लोग एक साथ मौजूद थे। इस मौके पर सदस्यों ने गजल, शास्त्रीय गीत, गैर-फिल्मी गीत गाए। बैठक की खास बात यह रहीं की कोई भी सदस्य पेशेवर गायक नहीं थे, यह पूरी तरह से शौकिया बैठक थी और व्यस्त लोगों के लिए बहुत मनोरंजक थी। यह जानकारी सांस्कृतिक सचिव आईएलसीसी की रेखा मिश्रा ने दी।

## आज का राशिफल
### 04 मार्च 2024

मेष : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

वृष : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

मिथुन : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

कर्क : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

सिंह : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

कन्या : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

तुला : अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

वृश्चिक : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

धनु : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

मकर : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

कुंभ : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

मीन : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

## सरकार राज्य के लाखों छात्रों की भावनाओं से खेल रही है : ओम




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बैठक हुई। इसमें नवनियुक्त आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा और प्रदेश महासचिव विशाल महतो को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र संघ के विस्तार और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग को सरकार ने दरकिनार कर राज्य के लाखों छात्रों की भावनाओं से खेलने का काम किया है। सरकार जब तक इस मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से नहीं करती है तब तक आजसू शांत नहीं बैठेगी। बैठक से पूर्व झारखंड आंदोलन के अगुआ नेता वीर शहीद सुनील महतो जी के बलिदान दिवस पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में मंच संचालन जमाल गद्दी ने किया, जबकि धन्यवाद दीपक दुबे ने की। इस दौरान हरीश कुमार, गौतम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, विशाल विशाल महतो, गजाधर महतो, चेतन प्रकाश, अरविंद महतो, देवा महतो,राजकिशोर महतो राहुल तिवारी, दीपक दुबे, अभिषेक शुक्ला,संतोष तांती, कुंवर महतो,बिमलेश मंडल,विशाल प्रजापति, केशव पाठक, विजय महतो,आशुतोष सिन्हा, जय कुमार, राजेश सिंह, बबलू कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## शिक्षा देने के नाम पर वसूली बंद करे आरयू : शुक्ला

# रांची विश्वविद्यालय की मनमानी पर राजभवन से कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची विश्वविद्यालय में गिरते हुए शिक्षा स्तर एवं छात्र-छात्राओं से मनमानी तरीके से पैसे की उगाही को लेकर छात्र आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य भवन के सचिवालय में राज्यपाल सह कुलाधिपति के नाम पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के छात्र आजसू अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय शिक्षा के स्तर को सुधारने के बजाय विश्वविद्यालय प्रशासन मनमानी तरीके से छात्र-छात्राओं से पैसे वसूलने में लगी है। इसका जीता जागता उदाहरण पिछले नामांकन सत्र में छात्र-छात्राओं यूजी और पीजी की नामांकन संख्या में भारी कमी आना है। जब से रांची विश्वविद्यालय का कार्य प्राइवेट एजेंसी एनसीसीएफ ने संभाला है, तब से परीक्षा शुल्क को 600 से बढ़कर 800 कर दिया गया। मेंटेनेंस स्कूल के नाम पर विश्वविद्यालय द्वारा हर एक सत्र में हर एक छात्रा से पैसे लिये जाते हैं, लेकिन महाविद्यालय की स्थिति जस की तरह है। मेंटेनेंस के नाम पर महाविद्यालय में सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है। वहीं स्पोर्ट्स के नाम पर विश्वविद्यालय द्वारा 100 की वृद्धि की गई। छात्र संघ चुनाव का शुल्क 10 से बढ़कर 100 कर दिया गया, परंतु पिछले 5 वर्षों में एक बार भी छात्र संघ चुनाव नहीं कराये गये। इन सभी मामलों को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा को कई बार अवगत कराया गया, परंतु आश्वासन पर आश्वासन मिलने के अलावा और कुछ नहीं मिला। श्री शुक्ल ने कहा कि छात्र आजसू राज्यपाल सह कुलाधिपति से आग्रह करती है, कि इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए इन पर उचित कार्रवाई करें। दीपक दुबे ने राज्यपाल से आग्रह किया कि छात्र-छात्राओं के हित में उचित निर्णय लेने की कृपा करे। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय वरीय उपाध्यक्ष दीपक, दुबे बिपिन यादव, मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## तुपुदाना में हुआ राष्ट्रीय स्तर के डीएवी सरला स्कूल के ब्रांच का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची के तुपुदाना में डीएवी सरला स्कूल का उद्घाटन आज काफी धूमधाम से किया गया। स्कूल का उद्घाटन प्राइवेट स्कूल एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद समायल अहमद और डीएवी के पूर्व निदेशक एल आर सैनी ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सैयद शमायल अहमद ने कहा कि डीएवी सरला आने वाले समय में एक बहुत बड़ा ब्रांड बनकर पूरे देश में उभरेगा। उन्होंने कहा की बच्चे की प्रारंभिक शिक्षा पर ही उनका आगे का विकास निर्भर करता है। बाद में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने कहा पासवा ने यह निर्णय लिया है कि देश के सभी राज्यों में डीएवी सरला स्कूल की स्थापना की जाएगी जिसकी शुरूआत आज झारखंड की धरती राजधानी से हो रही है। मैं बधाई देना चाहता हूं स्कूल के डायरेक्टर मेहुल जी को जो रांची के लोगों की सेवा करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत नई तकनीक के साथ डीएवी सरला स्कूल राजधानी रांची में खुल रहा है, जो खूबसूरत भी है, बेहतर भी है और किसी भी ब्रांडेड स्कूल से अच्छा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एल आर सैनी ने कहा की यह विद्यालय आने वाले समय में बहुत बड़ा बनेगा और अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। उन्होंने कहा की विद्यालय में छोटे बच्चे को शिक्षा देना बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य है। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा राष्ट्रीय स्तर पर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमाएल अहमद ने देश के सभी 28 प्रदेशों में डीएवी सरला स्कूल की स्थापना कर रहे हैं। राजधानी रांची पुराना से आज की शुरूआत हो रही है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने किया पिंकथोन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रांची द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में इम्पावर हर पहल के अंतर्गत सोमवार को पिंकथोन का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक विजय कुमार रॉय, उप-अंचल प्रमुख, श्री आलोक कुमार, उप-अंचल प्रमुख, सोनालिका, क्षेत्र प्रमुख, सुनीता यादव, सहायक महाप्रबंधक, चारु सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक, विभाष कुमार मिश्रा, उप क्षेत्र प्रमुख, सुश्री दीपमाला लकड़ा, उप क्षेत्र प्रमुख, बैंक के स्टाफ सदस्य, स्टाफ सदस्य के परिवार से महिलाएं एवं यूनियन बैंक के ग्राहक शामिल हुए । कार्यक्रम का उदघाटन उप-महाप्रबंधक विजय कुमार राय द्वारा किया गया । पिंकथोंन कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों ने अंचल कार्यालय के परिसर से डिबडीह पुल तक वॉक कर समाज में स्त्रियों के महत्व एवं महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया । कार्यक्रम के समापन पर उप-अंचल प्रमुख आलोक कुमार रॉय ने कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आशाराम जी बापू के उपचार व रिहाई के लिए कल जनजागृति यात्रा

**रांची।** संत श्री आशारामजी बापू की रिहाई के लिए छह मार्च को पूरे झारखंड के साधक रांची में जुट रहे हैं। देशव्यापी कार्यक्रम के तहत इस दिन झारखंड की राजधानी रांची में भी बापू के शिष्यों द्वारा उनके वर्तमान में गंभीर स्वास्थ्य स्थिति का सही से उपचार कराने और जल्द रिहाई की मांग को लेकर राजभवन तक विशाल राज्य स्तरीय जनजागृति यात्रा, न्याय मार्च करेंगे। यह मार्च लेक रोड स्थित छगनलाल धर्मशाला से दो बजे दिन से शुरू होकर कचहरी रोड होते हुए राजभवन तक जायेगी। राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा जायेगा। पटना आश्रम के संदीप भाई ने पूरे राज्यभर के साधक भाई-बहनों से इस दिन रांची में बड़ी संख्या में एकत्र होने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा भी की गयी है

# एचइसी का आंदोलन दो फाड़, कुछ कर्मी ही काम करने प्लांट के अंदर गये

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** 20 माह के बकाया वेतन की मांग को लेकर एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले पिछले 48 दिनों से चल रहे आंदोलन सोमवार को उस समय दो फाड़ हो गया जब काम करने के मकसद से एचईसी के 50 स्थायी कर्मचारी प्लांट में प्रवेश कर गये। इसके बावजूद शेष बचे कर्मचारी अभी भी आंदोलन पर डटे हुए है। यहां बता दें कि जो कर्मचारी प्लांट के अंदर गये थे, उनके बाहर आते ही एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने विरोध में गांधीगीरी स्टाइल में फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इधर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे नेताओं मे से एक भवन सिंह ने कहा कि कुछ दूसरे ट्रेड यूनियन के नेताओं के बहकावे में आकर कुछ मजदूर साथी प्लांट में काम करने के मकसद चले गये थे लेकिन वे पुनः वापस लौटकर आंदोलन में शामिल हो गये।

### बीएमएस करवा रहा आंदोलन समाप्त करने की कोशिश

इधर मुख्यालय के बाहर आंदोलन कर रहे कर्मचारियों का कहना था कि बीएमएस यूनियन से जुड़े एचएमटीपी में कार्यरत कुछ कर्मचारी काम करने के मकसद से प्लांट में प्रवेश कर आंदोलन को समाप्त करने की कोशिश में जुटे है। कर्मचारियों का कहना था कि बीएमएस ये सब रांची सांसद संजय सेठ के कहने पर कर रहा है। क्योंकि संजय सेठ को बीजेपी से दोबारा रांची लोकसभा का टिकट मिल गया है। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले मजूदरों ने बीजपी के कार्यालय का घेराव किया था। इसलिए वो जल्द एचईसी के आंदोलन को समाप्त करवाना चाह रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के लोगों का कहना है कि जो लोग प्लांट में गए हैं, उन्हें भगवान सदबुद्धि दे और वो समय रहते आंदोलन में दोबारा शामिल हों। उनका कहना है, जब तक प्रबंधन लिखित रूप में उनकी मांगों को नहीं मानता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### आज हड़ताल समाप्त हो गया : हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन

हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनीयन के महामंत्री सह इन्टक के वरीय राष्ट्रीय सचिव राणासंग्राम सिंह ने कहा कि जो भी कामगार भाई मेरे अनुरोध पर और एचईसी के हित में सोमवार को ड्यूटी ज्वाइन किये हैं वे बधाई के पात्र है। उन्होंने कंपनी को बचाने के लिए और अपनी रोजी रोटी की रक्षा के लिए काम पर चले गये। भारत सरकार ने बार-बार कहा कि एचईसी को कोई बाहरी सहायता नहीं मिलेगी, हम कमाएंगे तभी वेतन मिलेगा। इसके लिए कारखाना को चलाना होगा। प्रबंधन और मान्यता प्राप्त यूनियन बार-बार कह रही है कि कारखाने और कार्यालय को कम से कम एक माह के लिए खोलें। कम्पनी कमा के वेतन देगी और सप्लाई कामगारों की नौकरी भी सुरक्षित रहेगी। 42 करोड़ के कायार्देश का इनपुट कंपनी के पास है। सरकार का दबाव कंपनी पर है कि नो वर्क-नो पे का आदेश प्रबंधन को निर्गत करे, जिससे कंपनी ने अपनी अपील को आज फिर से प्रकाशित किया है। वेतन के लिए वेतन कटाना कहां न्यायोचित है। जो अधिकारी हड़ताल को बढ़ावा दे रहे थे, उन्हें समय कभी माफ नहीं करेगा और समय उन्हें उद्योगद्रोही कहेगा।

लगभग 2700 कर्मी हैं एचईसी में--------

## क्षत्रिय की उम्मीदवारी नहीं होने से भ्रम की स्थिति : क्षत्रिय महासभा

रांची। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिह (वीनू सिंह) की अध्यक्षता में वर्तमान राजनैतिक स्थिति पर विचार विमर्श को लेकर एक बैठक की गयी। बैठक में चर्चा हुई कि भाजपा द्वारा झारखण्ड की कुल 14 में 11 संसदीय क्षेत्र के लिए जिन प्रत्याशियों की घोषणा की गई है, उसमें एक भी क्षत्रिय प्रत्याशी नहीं हैं। साथ ही जिन दो लोकसभा सीट पर पहले से क्षत्रिय सांसद है उसपर भी किसी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। जिससे क्षत्रिय समाज में भ्रम की स्थिति बन गई है। इस बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से आग्रह किया गया कि चतरा और धनबाद लोक सभा सीट पर पूर्व की भाति क्षत्रिय प्रत्याशी को ही टिकट दिया जाए। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश के मुख्य संरक्षक हुसैनाबाद विधायक पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह को एनडीए गठबंधन में शामिल एनसीपी से टिकट दिया जाये। इस मुद्दे पर वीर कुंवर सिंह पार्क, हरमु रांची में दिन के 12.00 बजे से एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है।

सिटी की अन्य खबरें पेज 9 पर भी

स्पीड न्यूज

## किसानों को मिला जैविक खेती का प्रशिक्षण

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के चोरेया में सोमवार को कल्याण भारती की ओर से जिला उद्यान पदाधिकारी ऋषु भारद्वाज के निर्देश पर झारखंड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता उद्यान विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम के तहत किसानों को जागरूक करने हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिरसा कृषि विद्यालय के वैज्ञानिक डॉ मिलन चक्रवर्ती, डा बीसी उरांव और कल्याण भारती से डा फिरोज अहमद के द्वार किसानों को प्रशिक्षित किया गया। शिविर में किसानों को एग्रीकल्चर स्कीम, जैविक खेती पर मुख्य रूप से फोकस किया गया। महिला सशक्ति करण ओर किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर करने के उपायों पर विशेष रूप से चर्चा हुई। सभी प्रशिक्षित किसानों को कृषि यंत्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी, डॉ अनिल साहू अशेस्वर सही नन्द किशोर साहू आदि मौजूद थे।

भ्रष्टाचार के खिलाफ अंचल कार्यालय के समक्ष भाजपा का धरना-प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# अबुआ आवास में हो रही रुपये की उगाही : नवीन जायसवाल

### अंचल कार्यालय में हावी हैं दलाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य में सरकार के मुखिया का चेहरा बदला। लेकिन व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं होने से अराजकता का माहौल है। महिलाएं असुरक्षित हैं। परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक हो रहे हैं। किसानों से जमीन लूटी जा रही है। अंचल कार्यालय में बिचौलिये हावी हैं। युवा रोजगार के लिये भटक रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अबुआ आवास की चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी की गयी है। श्री जायसवाल ने आवास लाभुकों से 20 हजार की वसूली का आरोप लगाया। वह भाजपा के पूर्वी और पश्चिमी मंडल की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय में आयोजित धरना.प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। कामेश्वर महतो, राजेंद्र पांडेय व अजय तिवारी ने भी अपनी बातें रखी। अध्यक्षता देवेंद्र सिंह और रूपेश महतो ने की। जबकि संचालन सुबोध साहू ने किया। इसके उपरांतए श्री जायसवाल ने बीडीओ हरिशंकर से मुलाकात कर 8 सूत्री ज्ञापन सौंपा।



### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

कुशवाहा शिवचरण मेहता, मुकेश भगत, संजय महतो, ईश्वर गोप, इमरान खान, परमेश्वर सिंह, प्रदीप टोप्पो, हजारी प्रसाद, संतोष उरांव, संजय साहू, प्रवीण सिंह, गोपाल प्रसाद, राजेश सिंह, पंचम महतो, ज्ञान प्रकाशनंद तिवारी, बड़े पाठक, आरडी तिवारी, रीना कच्छप, सोनी भगत, जयश्री उरांव, अमित गोप, बिगुल पाहन, सिवानी विश्वकर्मा, रीता गुप्ता, रीता देवी, अनु घोष व रामी देवी आदि।

### बेड़ो में धरना-प्रदर्शन

**बेड़ो।** बेड़ो व नरकोपी मंडल के संयुक्त तत्वधान में सोमवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड मुख्यालय बेड़ो में किया गया। जिसमें राज्य सरकार की जनविरोधी नीतिए बिगड़ती कानून व्यवस्थाए महिलाओं पर अत्याचारए बढ़ते बिजली बिल व पेपर लीक आदि मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया गया। इसमें हर्षवर्धन पांडे राजीव रंजन अधिकारी आलोक मिश्रा सुखदेव कच्छप धनंजय राय तेजू दास गणेश महथा आनंद साहु कमलेश महतो मोती प्रसाद गुप्ता चंद्रकिशोर उरांव रंथा उरांव सेवंती देवी गीता देवी बबिता देवी नारायण महली आलोक खन्ना कमलेश लाल नीरज शाही आदि शामिल थे।

### इटकी में बीडीओ सीओ के खिलाफ नारेबाजी

**इटकी।** झारखंड सरकार के जन विरोधी नीतियों व व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध भाजपा इटकी मंडल ने सोमवार को इटकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की के अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार व बीडीओ, सीओ के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर वक्ताओं में भाजपा इटकी प्रभारी कुणाल शाहदेव, सतीश शाह ने सरकार के जनविरोधी नीति प्रखंड अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेलगाम होते नौकरशाहों पर सरकार को निशाना बनाया गया। धरना प्रदर्शन के उपरांत छह सूत्री एक मांग पत्र अंचलाधिकारी को सौंपा गया। मांग पत्र में सरकारी कार्यालय कर्मचारियों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित कराने, अबुआ आवास में दलाली बंद करने, मोटेशन के नाम पर राशि उगाही अविलंब बंद करने की मांग की गई। इसके अलावा गरीब जनता को बेवजह प्रखंड कार्यालय का चक्कर बंद कराने, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र बनाने में लापरवाही नहीं बरतने की मांग रखी गई। कार्यक्रम में राजेश्वर महतो, कृष्ण राम तिवारी, संजीत महतो, प्रतिमा देवी, मुन्ना कुजूर, बासु गोप, संजय महतो सहित अन्य शामिल थे।



### राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल : धीरज

**सोनाहातू।** भाजपा सोनाहातू एवं बारेंदा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सोनाहातू प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी ने किया जिसमें बतौर प्रभारी भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज शामिल हुए। घेराव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनय महतो धीरज ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। दिन-दहाड़े हत्या जैसी वारदातें हो रही है कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल है। अबुआ आवास में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जमीन म्युटेशन और परमिशन में बिना चढ़ावा दिये काम नहीं हो रहा है। आय, जाति और आवासीय बनाने के लिए छात्र-छात्रायें परेशान हैं। प्रखंड मुख्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। किसान से पीएम किसान सम्मान निधि में लैंड सीडिंग के नाम पर अवैध वसूली हो रही है। राज्य में आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। राज्य की जनता ठगा महसूस कर रही है। आने वाले समय में केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनना तय है। सरकार गठन के बाद भ्रष्ट अधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर प्रो ललित प्रसाद, नेहरू महतो, मनोज महतो, सदानंद महतो आदि ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री परीक्षित मंडल ने किया। मौके पर पदलोचन महतो, उपेंद्र चौधरी, भगीरथ महतो, अर्जुन महतो, पंचानन महतो, नरोत्तम महतो समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राज्य सरकार की विफलताओं को किया उजागर

### भाजपा खलारी मंडल ने प्रखंड कार्यालय घेरा, सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के आह्वान पर रांची जिला ग्रामीण के दिशा-निर्देश पर खलारी मंडल के द्वारा प्रखंड मुख्यालय का एक दिवसीय घेराव मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृव में किया गया। इस एक दिवसीय घेराव में प्रभारी व मुख्य अतिथि पूर्व विधायक माननीय डॉ जीतू चरण राम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ने प्रखण्ड परिसर में राज्य सरकार की विफलताओं को जनता के बीच उजागर किया। राज्य में जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी, गठजोड़ वाली सरकार के नाकामियों, राज्य व्यापी फैले भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था, रोजगार देने के छलावा, जल जंगल जमीन बचाने के झांसे देकर सत्ता में आई सरकार ने झारखंड वाशियों को बेचने का काम किया। खनिज संपदाओं की लूट, नशाखोरी की बढ़ावा, बंगलदेशी और रोहंगियाओं को बसाने और वोट बैंक की राजनीति, विभिन्न काले कारनामों को जनता के बीच उजागर किया गया। साथ ही सरकार को चेतावनी देते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम प्रखंड पदाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन अंचलाधिकारी सौपा गया। मौके पर वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह, भरत रजक, किरण देवी, अनिल गंझू, रामसूरत यादव, दिनेश गुप्ता, आनंद कुमार सिंह, अजीत पांडेय, शत्रुंजय सिंह, फुलेश्वर महतो, श्याम सुंदर सिंह, राजू गुप्ता, रितेश केशरी, रामेश्वर महतो मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपाइयों ने घेरा नामकुम प्रखंड कार्यालय

**नामकुम।** सोमवार को भाजपाइयों ने राज्य में गिनती कानून व्यवस्था और प्रखंड एंव अंचल कार्यालय व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखण्ड मुख्यालय का घेराव किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गयी है। विदेश से घूमने आई महिला का सामुहिक ब्लात्कार हो रहा है,अबुआ आवास योजना में अनियमितता अपनी हदें पार कर चुकी है। बालू की कालाबजारी के कारण विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित है, आमजन त्रस्त है। पूर्व विधायक ने जेएसएससी की परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच सीबीआई से करवाते हुए जल्द परीक्षा आयोजित कराने की मांग की। वहीं मंडल अध्यक्ष अशोक मुण्डा ने कहा कि प्रखंड और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है, गरीब गुर्बो को काम कराने के लिए मोटी रकम देनी पड रही है,अंचल कर्मचारी बिना पैसा के कोई काम नंही करते है, लोहरा आदिवासी और चीक बडाईक समाज के छात्रों को जाति प्रमाण पत्र मिलने में हो रही है। कठिनाई को अविलंब दुर किया जाए आदि समस्याओं को अविलंब दूर करने की मांग रखी। कार्यक्रम में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह, जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिप सदस्य रामअवतार केरकेटटा, रितेश उरांव, शंकर सिंह मुंडा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, मुन्ना बडाईक, बिरसा पाहन, पिंटू सिंह, गोपाल चौधरी, राजू नायक, गणेश तिग्गा शामिल थे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ ओरमांझी में प्रदर्शन




धरना प्रदर्शन में शामिल भाजपा कार्यकर्ता गण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। सेना की जमीन घोटाला की जल्द से जल्द जांच व दोषियों पर कार्रवाई अवैध खनन, खनिज संपदा की लूट व जमीन की दाखिल खारिज में घूसखोरी व महिलाओं पर अत्याचार व बलात्कार की घटना के खिलाफ नारेबाजी की गई। वहीं बालू का टेंडर जल्द कराने की मांग की गई। बाद में मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता के नेतृत्व में सीओ नितिन शिवम गुप्ता को एक मांग पत्र सौंपा गया। संचालन राजधाम साहू ने किया। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, बालक पाहन, लक्ष्मण साहू, शशि मेहता, उमाशंकर साहू, आनंद मेहता, बीना देवी, कंचन देवी, प्रमिला देवी, विमला देवी, सोनी देवी, जमुनी देवी, शांति देवी, देवकी देवी, चिंता देवी, झालो देवी, कुंती देवी, आश्रिता देवी सहित भाजपा के कार्यकर्ता शामिल थे।

## पलांडु में ओडिशा और नामकुम के 50 किसानों को मिला प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पलांडु अनुसंधान केन्द्र में 29 फरवरी से 2 मार्च तक उड़ीसा के अनुसूचित जाति के किसानों तथा झारखंड के अनुसूचित जनजाति के किसानों को समेकित कृषि प्रणाली द्वारा जीविका सुरक्षा पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण अनुसूचित जाति उप योजना तथा अनुसूचित जनजाति उप योजना के तहत दिया गया जो कि भारतीय जैव प्रौद्योगिकी संस्थान रांची द्वारा वित्तपोषित था। इस प्रशिक्षण में उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिला के मंगराटोली गांव के 25 किसानों तथा झारखंड से रांची के प्लांडु गांव के 25 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के आरंभ में पाठ्यक्रम निदेशक डॉ वीरेंद्र कुमार यादव प्रमुख वैज्ञानिक ने बदलती जलवायु के परिप्रेक्ष्य में समेकित कृषि अपनाने द्वारा जीविका सुरक्षा के उपायों पर प्रकाश डाला। डॉ आरएस पान प्रमुख वैज्ञानिक ने किसानों को जीविका में सुधार के लिए सब्जियों की खेती में विविधता लाने की सलाह दी।

डॉ एसके नायक प्रमुख वैज्ञानिक ने किसानों को समेकित पोषक प्रबंधन द्वारा फसल का उत्पादन तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार लाने का सुझाव दिया। डॉ मीनू कुमारी वैज्ञानिक ने सब्जियों की खेती की उन्नत तकनीक पर प्रकाश डाला तथा डॉ रीना कुमारी कमल ने समेकित कृषि प्रणाली में कुक्कुट पालन और बकरी पालन को जोड़ने पर बल दिया। डॉ अजित कुमार झा प्रमुख वैज्ञानिक ने किसानों को मशरूम उत्पादन, डॉ जयपाल सिंह चौधरी, वरीय वैज्ञानिक ने फसलों में कीट प्रबंधन तथा डॉ, रेशमा शिंदे, वैज्ञानिक द्वारा तथा किसानों को जैविक खाद बनाने के गुर सिखाए।

## तालाब में तब्दील हुआ स्कूल परिसर

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** बीती रात जोरदार बारिश से विद्यालय प्रांगण की पोल खुल गई। रविवार मध्य रात्रि तेज बारिश होने से खलारी प्रखंड के नजदीक राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका स्कूल परिसर में बारिश का पानी सुबह तक जमा रहा। बारिश के पानी जमा रहने से स्कूल परिसर पूरा तालाब में परिवर्तन हो गया। स्कूली बच्चों व शिक्षकों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्यालय परिसर में स्कूली बच्चे जमा पानी में घुस कर जाने के लिए विवश हुए। बताना चाहते हैं कि विद्यालय परिसर में आसपास के कॉलोनी के नालियों से स्कूल परिसर में गंदा पानी जमा हो जाता है। परिसर में पानी निकासी के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है।

### खलारी: 120 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**खलारी।** जेहलीटाड़ सुल्तान काम्प्लेक्स ईदगाह के समीप में सीसीएल एनके क्षेत्र के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जेहलीटांड़ के कुल 120 ग्रामीणों का जांच किया गया। जांच शिविर के सीसीएल डॉक्टर सत्यादीप कुमार, प्रेम कुमार प्रजापति, गोपीनाथ कुमार, नूतन प्रीति मिंज ने मरीजों को बुखार, सर्दी, जुखाम, हाइपरटेंशन, रेडनेस आदि चीजों का जांच कर कर दवाई भी बांटी गई।

एक नजर में

### अनगड़ा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष भाजपा का धरना प्रदर्शन



**अनगड़ा।** भाजपा मंडल के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय अनगड़ा में व्याप्त अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय अनगड़ा के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया तथा अपने सात सूत्री मांगों के सर्मथन में राज्यपाल के नाम सीओ और बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रैयतों के ऑन लाईन खाता प्लॉटों की गलती को सुगमता पूर्वक सुधार करने बालु की कालाबाजारी में अंकुश लगा कर जरूरतमंदों को सुगमता पूर्वक सरकारी मूल्य पर बालू उपलब्ध कराने अबुआ आवास के लाभुकों का भौतिक सत्यापन कर जरूरतमन्दों को आवास उपलब्ध कराने छूटे हुए लोगों का राशन कार्ड बनाने इत्यादि मांगे शामिल है। धरना प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो नरेश साहू सुनील महतो धनेनाथ महतो अजय महतो संजय नायक राजेन्द्र महतो सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे

## नगड़ी में 2.5 किमी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

### डोका टोली गांव में हटिया विधायक ने किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के डोका टोली गांव में सोमवार ढाई किलोमीटर सड़क का शिलान्यास हटिया विधायक नवीन जायसवाल, नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी, पंचायत समिति सदस्य शीला देवी ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट से पर्दा हटाकर और नारियल फोड़ कर किया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों कोज्ञ संबोधित करते हुए हटिया विधायक रवि जायसवाल ने कहा कि ग्रामीणों और स्थानीय दिवंगत पत्रकार प्रदीप महतो के लगातार चार वर्षों से रोड की मांग आज पूरा हुआ लगभग पौने दो करोड़ से की लागत से रोड को बनाया जाएगा। आप अपनी निगरानी में इस सड़क का निर्माण बेहतर ढंग से कराएं। सड़क ही विकास का द्वार है। इन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं से आज भारत विकास की राह में अग्रसर हो रहा है। देश को स्थिर सरकार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथों को आप मजबूत करें। कार्यकर्ताओं से कहा कि आप प्रधानमंत्री केंद्र सरकार के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों के दिलाने का प्रयास करें और केंद्र सरकार की योजनाओं को ग्रामीणों को ग्रामीणों को बताएं मौके पर कार्यक्रम का अध्यक्षता साहेर के पूर्व उप मुखिया रमेश महतो, मंच संचालन अखिलेश महतो और धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी दिनेश कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि केदार महतो मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, युवा समाजसेवी बजरंग महतो, रामसेवक महतो, बजरंग महतो, दिलीप महतो, कृष्णा महतो, शंभू महतो, संजय महतो, बजरंग महतो, विनोद केसरी मौजूद थे।

### उदयनाथ महतो की पुण्यतिथि पर पतरातू गांव में खेलकूद प्रतियोगिता



**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में स्व उदयनाथ महतो के 6वीं पुण्यतिथि के पर सोमवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, विधायक समरीलाल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा के वरीय नेता कमलेश राम, अनिल टाइगर, मुखिया पूजा किस्पोट्टा, पंसस तारा देवी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि स्व उदयनाथ महतो ने जल, जंगल, जमीन को बचाने व समाज मे फैली कुरीतियों के विरुद्ध जो अभियान चलाया था, उसे हमसबों को बचाने की जरूरत है। इस अवसर पर लंबी कूद, ऊंची कूद, बिस्किट रेस, दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया गया। खेलकूद में सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में लक्ष्मी नारायण महतो, अर्जुन महतो, ताहिर अंसारी, बालगोविंद मुंडा, हीरालाल महतो, मुकेश महतो, कमलनाथ महतो, नरेश लोहरा, लखी महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## धोरधोरा धाम में कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ शुरू

### नवनिर्मित शिव व हनुमान मंदिर में होगी प्राणप्रतिष्ठा

खबर मन्त्र संवाददाता



**ठाकुरगांव।** काटमकुली व बरौदी गांव के सीमांत में स्थित ऐतिहासिक धोरधोरा धाम में नवनिर्मित शिव मंदिर सह हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश वितरण सांसद संजय सेठ, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, आजसू जिलाध्यक्ष संजय महतो, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य रामजीत गंझू, भाजपा नेता सीताराम रवि, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने किया। कलश यात्रा में 2551 कन्याओं व महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से बरौदी, बंसरी, भांटबोड़या, उरुगुट्ठ, मारवा, काटमकुली होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचा। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं के गगनचुंबी जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम में झांसी के बाल संत पंडित शशि शेखर महाराज द्वारा श्री मद्भागवत कथा का प्रवचन भी किया जायेगा। कलश यात्रा को सफल बनाने में समिति के लाल अमन शाहदेव, मोतीराम महतो, रामनरेश महतो, अरविंद साहु, शिवशंकर महतो, बलराम महतो, छतीश्वर महतो, जगरनाथ महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### राधा कृष्ण मंदिर का पांचवां वार्षिकोत्सव

**ओरमांझी।** राधा कृष्ण मंदिर ओरमांझी का पांचा वार्षिक महोत्सव को लेकर सोमवार को मंदिर में रूद्राभिषेक व कन्या पूजा किया गया। अयोध्या के आचार्य शैलेंद्र जी द्वारा विधिवत मंत्रोचारण कर रूद्राभिषेक पूजा व अन्य धार्मिक अनुष्ठान कराया गया। वहीं कन्या पूजा में शामिल गांव की कन्याओं का पांव पखारा गया। वहीं भंडारे का भी आयोजन हुआ। इसमें पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, काली पूजा समिति के अध्यक्ष अजय सिंह, सत्यनारायण तिवारी, उमाशंकर साहू, प्रेम किशोर द्विवेदी, श्यामकिशोर महतो शामिल थे।

